कोटद्वार, शुक्रवार
9 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 230 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

**एक नजर**

## दूसरे की जमीन दिखा फौजी से 11 लाख की धोखाधड़ी

विकासनगर। थाना सेलाकुई क्षेत्र में तीन लोगों ने असम राइफल्स के एक सैनिक को दूसरे की जमीन दिखाकर 11 लाख रुपये हड़प लिए। तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसआई सेलाकुई जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में बलदेव सिंह पुत्र जमन सिंह निवासी ग्राम पोवओव आगर जिला रुद्रप्रयाग ने तहरीर दी है। इसमें बताया कि वह असम राइफल्स में मणिपुर में रायफलमैन के पद पर कार्यरत है। गत 25 अप्रैल 2022 को दीपक सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी हरिपुर सेलाकुई ने अपने दो साथियों सोमपाल पुत्र नकुल राम निवासी ग्राम जस्सोवाला और अमित कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी भीमावाला विकासनगर के साथ मिलकर उन्हें अटकफार्म में एक जमीन दिखाई। आरोपी दीपक ने बताया कि वह जमीन उसकी है। इसके बाद उसने आरोपी को जमीन खरीदने के लिए 11 लाख रुपये दिए। आरोपियों ने फर्जी विक्रय पत्र बनाया। उसने भूमि का कब्जा मांगा तो आरोपी टाल–मटोल करने लगा। शक होने पर जब वह भूमि पर गया तो पता चला कि जमीन के मूल स्वामी ने आरोपी दीपक सिंह को जमीन कभी बेची ही नहीं। दस्तावेजों की जांच के बाद पता चला कि वह भूमि दीपक की नहीं थी। उसने जो दस्तावेज दिखाए वह फर्जी थे। एसएसआई ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दो ग्रामीणों पर गुलदार ने किया हमला, बुरी तरह हुए घायल

उत्तरकाशी। उत्तकाशी में बकरी चुगाने गए जरड़ा गांव के दो लोगों पर गुलदार ने हमला कर दिया। इस दौरान ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गए। घटना यमुनोत्री हाईवे के समीप बर्नीगाड गंगनानी धारा के जंगलों की है। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुंचाया। स्थानीय निवासी प्रताप चौहान ने बताया कि जरड़ा गांव के अभी सिंह पुत्र राम सिंह और पीनाठिया सिंह पुत्र कौंर सिंह यमुनोत्री हाइवे पर स्थित गंगनानी धारा के पास बकरी चुगा रहे थे। वहां घात लगाए गुलदार ने एक पर हमला कर दिया। बचाव के लिए पहुंचे उसके साथी को भी गुलदार ने हमला कर जख्मी कर दिया। शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। क्षेत्र में गुलदार के हमले की यह पहली घटना है, जिससे बर्नीगाड कस्बे में दहशत का माहौल है। उप प्रभागीय वनाधिकारी अपर यमुना वन प्रभाग साधु लाल पलियाल ने बताया कि दोनों घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। नियमानुसार मुआवजे की कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही क्षेत्र में गस्ती टीम तैनात की जाएगी।

## 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड प्रकरण में न्याय की लड़ाई अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच के बैनर तले लड़ी जाएगी। मंच ने 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान किया है। मंच सीबीआई जांच की मांग को लेकर 10 जनवरी को मशाल जुलूस निकालेगा। मंच ने आरोपों में घिरे नेताओं का नार्को टेस्ट कराने की मांग उठाई है। गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में महिला मंच की संयोजक कमला पंत ने कहा कि वीआईपी हस्तियों की जांच और गिरफ्तारी की मांग को लेकर गठित अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच ने 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जांच में पारदर्शिता नहीं बरत रही है और वीआईपी को बचाने की कोशिश हो रही है।कहा कि अंकिता की व्हाट्सएप चैट में भी वीआईपी गेस्ट का जिक्र दिखाई देता है, लेकिन एसआईटी ने इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई। युवा नेता मोहित डिमरी ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार वीआईपी अपराधियों' को बचाने की कोशिश कर रही है तथा मुख्यमंत्री द्वारा परिवार से किए गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए। कहा कि स्वामी दर्शन भारती की संपत्ति की जांच होनी चाहिए। यूकेडी उपाध्यक्ष शांति भट्ट ने दावा किया कि जांच शुरू से भटकाई गई जिस कारण अंकिता को न्याय नहीं मिल सका।

**अंकिता हत्याकांड प्रकरणः**

## हरिद्वार में एसआईटी ने उर्मिला सनावर से छह घंटे की पूछताछ



देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड प्रकरण में 'वीआईपी' के नाम का खुलासा करने का दावा करने वाली अभिनेत्री उर्मिला सनावर की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। देहरादून में हुई लंबी पूछताछ के बाद अब हरिद्वार में एसआईटी ने सनावर से करीब छह घंटे पूछताछ की। इसके बाद वह हरिद्वार से रवाना हो गईं। वहीं, उर्मिला के वकील अंकुश कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपना पक्ष रखा और जांच प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि पूछताछ की प्रक्रिया पूरी तरह से विधिसम्मत और सहज तरीके से चल रही है। पुलिस अपने स्तर से सवाल–जवाब कर रही है और उर्मिला सनावर जांच में पूरा सहयोग कर रही हैं।

उन्होंने पूछताछ के तरीकों को 'सॉफ्ट' बताया। सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में उर्मिला की गिरफ्तारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए वकील ने स्पष्ट किया कि उन पर लगे अधिकांश आरोप जमानती हैं।

उन्होंने कहा कि अभी तक गिरफ्तारी जैसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है। कहा कि जो भी साक्ष्य होंगे, वे सीधे जांच टीम को ही सौंपे जाएंगे। उन्होंने बस इतना कहा कि कानून सबके लिए बराबर है और जो भी प्रक्रिया होगी वह नियम अनुसार ही चलेगी।

## दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में बरकरार

नई दिल्ली। राजधानी में हवा की दिशा बदलने से वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 280 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 9 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 296 दर्ज किया गया, यह हवा की खराब श्रेणी है।

वहीं, ग्रेटर नोएडा में 290, नोएडा में 294 और गुरुग्राम में 290 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 223 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 14.58 फीसदी रहा। इसके अलावा पेरिफेरल उद्योग से 12.38, आवासीय इलाकों से 3.57, निर्माण गतिविधियों से 1.85 और कूड़ा जलाने की 1.27 फीसदी की भागीदारी रही। सीपीसीबी के अनुसार, बृहस्पतिवार को हवा पश्चिम दिशा से 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली।

## विकास के साथ ही नवाचार पर भी ध्यान दें अधिकारी : धामी

### मुख्यमंत्री ने की देहरादून जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में देहरादून जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों से जुड़े निर्माण कार्यों के दौरान बिजली, पानी, गैस की भूमिगत लाईन सहित अन्य जो भी कार्य होने हैं, उन्हें संबंधित विभाग आपसी समन्वय कर निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण करें। सभी विभाग वर्षभर में प्रस्तावित कार्यों को सूचीबद्ध कर कार्य करें। उन्होंने जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिये कि इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर समय निर्धारित करते हुए ही कार्य करने की अनुमति दी जाए। साथ ही आंतरिक सड़कों के रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, बिजली के बिल और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापन की कार्यवाही नियमित की जाए। जिन लोगों के गलत तरीके से दस्तावेज बने हैं, उनको निरस्त करने की कार्यवाही निरंतर की जाए और गलत प्रमाण पत्र जारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने जिला प्रशासन, वन विभाग, एमडीडीए, एवं नगर निगम अतिक्रमण हटाने की भी निरंतर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में नियमित कार्यों के साथ-साथ नवाचार आधारित विकास कार्यों को भी प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क एवं कॉरिडोर के विस्तार व सुधार कार्यों से देहरादून की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे शहर में पर्यटकों एवं आमजन की आवाजाही बढ़ेगी। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के विचार-विमर्श कर योजनाओं पर कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता, समयबद्धता और जनहित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। शीतकाल को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने महिलाओं एवं बुजुर्गों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। कहा कि नगर निगम के रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान पुलिस को यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने, रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, नशा मुक्ति अभियान के तहत नियमित जागरूकता के साथ ही रैण्डम चैकिंग करने के निर्देश भी दिये। बैठक में कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ श्रीमती सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, मेयर ऋषिकेश शंभू पासवान, एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, मुख्य नगर आयुक्त श्रीमती नामामि बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, डीएफओ अमित कंवर, सीएमओ डॉ. एमके शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीएम हरि गिरी, एस.एल.ई.ओ. श्रीमती स्मृता प्रमार, एसडीएम सुश्री कुमकुम जोशी, परियोजना निदेशक डीआरडीए विक्रम सिंह सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा पहुंचीं देहरादून

### एक झलक पाने के लिए शूटिंग स्थल पहुंचे फैन्स

देहरादूनः सामाजिक मुद्दों को गहराई से छूती बालीवुड फिल्म "द डायरी आफ मणिपुर" की शूटिंग के लिए महाकुंभ वायरल गर्ल मोनालिसा उत्तराखंड पहुंच चुकी है। देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में उनके कई दृश्य फिल्माए गए। उनके दून आने की सूचना पर लोग भी उन्हें देखने के लिए राजपुर और अन्य शूटिंग स्थल की ओर पहुंचे।

**शूटिंग के लिए आई दून**

निर्माता–निर्देशक सनोज मिश्रा की महत्वाकांक्षी फिल्म "द डायरी आफ मणिपुर" की शूटिंग बीते तीन जनवरी से चल रही है। फिल्म की शूटिंग इन दिनों देहरादून, विकासनगर, मसूरी और आसपास के इलाकों में की जा रही है।

**बालीवुड में कर रही डेब्यू**

मोनालिसा मुख्य भूमिका में इस फिल्म से बालीवुड में डेब्यू कर रही हैं। उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेता अभिषेक त्रिपाठी नजर आएंगे। वहीं, बालीवुड स्टार राजकुमार राव के बड़े भाई अमित राव भी फिल्म का हिस्सा हैं। स्थानीय कलाकार विष्णु दुबे भी इस फिल्म में किरदार निभा रहे हैं।



**बोलीं, लोग बेहद हैं अच्छे**

देहरादून में सीधा शूटिंग स्थल पर पहुंची मोनालिसा फिल्म के सह–निर्माता पंजाब सिंह मजीठिया ने स्वागत किया। वहीं, उत्तराखंड पहुंची मोनालिसा ने कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता और लोगों के सरल व्यवहार को सराहा। कहा कि यहां की हवा–पानी और लोग बेहद अच्छे हैं। उत्तराखंड की खूबसूरती ने मुझे बहुत प्रभावित किया है।

**इंटरनेट पर हो रही वायरल**

इधर, मोनालिसा फिल्म से जुड़े वीडियो और फोटो भी इंटरनेट मीडिया पर लगातार शेयर कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। इसमें वो अभिनेता अभिषेक के साथ नजर आ रही हैं। इस मौके पर निर्देशक सनोज मिश्रा, सह–निर्माता पंजाब सिंह मजीठिया, सह–निर्देशक रुद्रा, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सत्या, प्रोडक्शन हेड पवन, आर्ट डायरेक्टर भूपेश आदि मौजूद रहे।

## कार बनी आग का गोला

नई दिल्ली। फरीदाबाद से वृंदावन बांके बिहारी के दर्शन को जा रहे दो सगे भाइयों की कार के अचानक ब्रेक फेल हो गया। कार ड्राइविंग कर रहे युवक ने कार को काबू करने के लिए दीवार में टक्कर मारी तो कार अचानक आग का गोला बन गई।

कार में सगे दोनों भाइयों की जान मुश्किल में आ गई लेकिन ऐन मौके पर पास से गुजर रहे थाना प्रभारी व पुलिस कर्मचारियों ने दोनों भाइयों को जलती आग से बचा लिया। इसी दौरान जेबीएम कंपनी से तैयार होकर दिल्ली जा रही बस भी कार की चपेट में आग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया।

गुरुवार की सुबह फरीदाबाद निवासी नितिन अपने भाई मनीष के साथ फरीदाबाद से वृंदावन में बांके बिहारी की दर्शन के लिए कार में सवार होकर जा रहा था। जब उनकी कार नेशनल हाईवे स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल के समीप पहुंची तो अचानक उनकी कार के ब्रेक फेल हो गए।

## आतंक और अराजकता की गिरफ्त में बांग्लादेश

### शेख हसीना का बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। पिछले 17 महीनों से बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में किसी अज्ञात स्थान पर हैं। इस दौरान वह चुपचाप देख रही हैं कि जिस देश को आर्थिक विकास की एक नई राह पर वह ले कर गईं, वह धीरे–धीरे अराजकता व अतिवादियों की गिरफ्त में फंस चुका है।

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की आर्थिक, सामाजिक और कूटनीतिक नीतियों में 360 डिग्री का बदलाव ला चुकी हैं। भारत के साथ बांग्लादेश के रिश्ते लगातार खराब हो रहे हैं। पड़ोसी देश में चल रही इस उथल–पुथल के बीच शेख हसीना ने इंटरव्यू दिया, जिसमें वह साफ कहती हैं कि बांग्लादेश में आतंक के जरिए डराने व धमकाने की राजनीति का बोलबाला है।



मुझे अपने देश में फैल रही इस अराजकता से गहरा आघात पहुंचा है। ये घटनाएं एक ऐसी अलोकतांत्रिक सरकार का स्वाभाविक और भयावह नतीजा हैं, जिसने चरमपंथियों को ताकत दी है। मैं हादी की हत्या की कड़ी निंदा करती हूं और उसके बाद में हुई हिंसा की भी भर्त्सना करती हूं। जो समय शोक और संवेदना का होना चाहिए था, उसे चरमपंथियों ने हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया। इसमें देश के दो सबसे बड़े मीडिया संस्थानों पर हमले शामिल हैं, जिससे न केवल पत्रकारों की जान खतरे में पड़ी, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र मीडिया जैसे मूल्यों पर भी आघात हुआ।

हमारी सरकार के कार्यकाल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्वागत किया गया। अखबार और पत्रकार बिना डर और हस्तक्षेप के काम करते थे। असहमति की आवाजों को दबाया नहीं गया, बल्कि सुना गया। हादी की स्मृति का सम्मान मीडिया पर हिंसक दमन या हमारे सबसे करीबी अंतरराष्ट्रीय सहयोगी के खिलाफ जहरीले भाषणों से नहीं किया जा सकता।

## तुर्कमान गेट बवाल में नए खुलासेः घर छोड़कर भागे पत्थरबाज

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित दरगाह फैज–ए–इलाही मस्जिद के पास अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि 50 से ज्यादा की पहचान पुलिस ने कर ली है। गिरफ्तार लोगों में अफान, आदिल, शाहनवाज, हमजा, अतहर और उबैद शामिल हैं। एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

फैज–ए–इलाही मस्जिद तोड़ने की अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने में कई व्हाट्सएप समूहों में प्रसारित भ्रामक ऑडियो संदेशों की अहम भूमिका सामने आई है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने गलत सूचनाओं को रोकने के लिए काफी कदम उठाए थे। कई ग्रुपों पर इन अफवाह का खंडन भी किया गया। इससे भीड़ के आकार को सीमित करने और व्यापक स्तर पर लोगों के जुटने से रोकने में कुछ हद तक मदद भी मिली।



**चार से पांच व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब चार से पांच व्हाट्सएप ग्रुप को कड़ी निगरानी में रखा गया है। अधिकारियों ने कहा कि घटना से ठीक पहले किसी नए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाने के संकेत नहीं मिले हैं, हालांकि यह जांच का विषय है कि अफवाहें पूर्व नियोजित थीं या नहीं। अधिकारी ने बताया कि मस्जिद तोड़ने की भ्रामक सूचना जारी होने का पता चलते ही पुलिस सक्रिय हो गई थी। एसीपी और एसएचओ ने अमन समिति के सदस्यों, समुदाय के वरिष्ठों और धार्मिक नेताओं से संपर्क कर स्पष्ट किया कि मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं धर्मगुरुओं से बातचीत कर आशंकाएं दूर कीं।

**मौलवियों के साथ बैठक की थी...**

एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मध्य जिले के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त निधिन वल्सन ने अभियान से कुछ दिन पहले 120 से अधिक मौलवियों के साथ बैठक की थी और साफ तौर पर बताया था कि अवैध अतिक्रमण ही हटाए जाएंगे। मस्जिद इस कार्रवाई के दायरे में नहीं है। धार्मिक नेताओं को बताया गया था कि अदालत के आदेश को चुनौती देने के लिए उनके पास कानूनी विकल्प उपलब्ध है।

**उपद्रवी घर पर ताला लगाकर फरार**

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने जिन उपद्रवियों की पहचान की है सभी घरों पर ताला लगाकर फरार हैं। इधर, कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच दरगाह फैज–ए–इलाही मस्जिद के पास अवैध अतिक्रमण हटाने का सिलसिला बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि मस्जिद से सटा कुछ अवैध निर्माण पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया गया था। बृहपतिवार को बुलडोजर ओर क्रेन की मदद से उसको भी जमींदोज कर दिया गया। मौके से मलबा हटाने का काम लगातार जारी है।

## राहुल गांधी और उदित राज को बदायूं कोर्ट का नोटिस

लखनऊ। यूपी के बदायूं स्थित अपर जिला जल व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम पूनम सिंघल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व उदित राज के खिलाफ नोटिस जारी किया है। दोनों नेताओं को 29 जनवरी को कोर्ट में स्वयं या उनके अधिवक्ता को उपस्थित होने का आदेश दिया है। कांग्रेस के नेता व पूर्व सांसद उदित राज द्वारा बसपा सुप्रीमो के खिलाफ गलत टिप्पणी करने के मामले में अधिवक्ता जय सिंह सागर द्वारा दायर की फौजदारी निगरानी याचिका की सुनवाई करते करते हुए यह आदेश दिया है। अधिवक्ता जय सिंह सागर के मुताबिक 16 फरवरी 2025 को कांग्रेस के नेता व पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने बसपा प्रमुख मायावती पर गलत बयानबाजी और उनकी हत्या करने तक की बात कही थी। इसी को लेकर अगले दिन 17 फरवरी को एमपी एमएलए कोर्ट में मुकदमा दायर कराने को प्रार्थना पत्र दिया था।

## दिल्ली हाईकोर्टः जामा मस्जिद के आसपास होगा सर्वे

### दो महीने में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण का सर्वे किया जाएगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस संबंध में नगर निगम को आदेश जारी किए हैं।

अदालत ने दो महीने के भीतर सर्वे रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम को सर्वे करने का निर्देश दिया है। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि जामा मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में कितना अतिक्रमण हुआ है और किन–किन संपत्तियों पर अवैध निर्माण किया गया है। एमसीडी को इस सर्वे को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना होगा।



गौरतलब है कि राजधानी के तुर्कमान गेट इलाके में स्थित फैज–ए–इलाही मस्जिद इन दिनों सुर्खियों में है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने इस मस्जिद से सटे अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर ढहा दिया है। इस कारण वहां तनावपूर्ण हालात बने हुए और वहां बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात है।

## सीएम योगी बोले-लोकतंत्र जानने के लिए दुनिया को भारत से सीखना होगा



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत ने हमेशा सनातन संस्कृति और इतिहास से जुड़े प्रमाणों को प्रमुखता से रखा है। ह्यप्रारंभिक उत्तर भारत व इसके सिक्केह्न पुस्तक भारत की लोकतांत्रिक चेतना, ऐतिहासिक एकता और हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो वर्षों से किए जा रहे पश्चिमी दुष्प्रचार का तथ्यात्मक उत्तर देता है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के बारे में यदि देश–दुनिया लोकतंत्र के खूबियों को जानना है तो उसे भारत से सीखना होगा।मुख्यमंत्री ने यह बात बृहस्पतिवार को अपने आवास पर हिंदुजा फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक ह्यप्रारंभिक उत्तर भारत व इसके सिक्केह्न के विमोचन के मौके पर कहा। इस मौके पर उन्होंने फाउंडेशन द्वारा संग्रहित दुर्लभ और प्राचीन ऐतिहासिक सिक्कों का अवलोकन भी किया।कार्यक्रम में हिंदुजा फाउंडेशन के जनकल्याणकारी कार्यों को दर्शाती लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। सीएम ने कहा कि दुनिया के सभी जाति, मत व संप्रदायों की भारत ने मदद ही नहीं की, बल्कि शरण देकर फलने–फूलने का अवसर भी दिया है। दुनिया के अंदर क्या कोई और देश या मत, मजहब है जो इस बात की घोषणा करता हो "अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्, उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्", ये केवल भारत ही कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक में अयोध्या, मथुरा, कौशाम्बी, काशी और पांचाल सहित अनेक क्षेत्रों के तांबे, चांदी और मिश्रित धातुओं से बने सिक्के उस समय की ऐतिहासिक, भौगोलिक और व्यापारिक स्थिति को प्रमाणित करते हैं।

## बर्फ की चादर से ढकी घाटीः भारी बर्फबारी से मुगल रोड पर आवाजाही बंद, नदियां जमीं

जम्मू। जम्मू–कश्मीर में शीतलहर जारी है, बर्फबारी के चलते नदियां बर्फ की चादर से ढकी नजर आ रही हैं। पुंछ में भारी बर्फबारी के बाद सामरिक रूप से बेहद अहम मुगल रोड पर बर्फ हटाने का अभियान जारी है। सीमा सड़क संगठन के जवान बेहद मुश्किल हालात में 24 घंटे काम कर रहे हैं। वहीं अनंतनाग में नदियां जमी दिखीं। ताज़ा बर्फबारी और फिसलन भरी स्थितियों के कारण सड़क बंद है, और 31 दिसंबर से शोपियां और पुंछ के बीच और पुंछ से शोपियां होते हुए कश्मीर तक ट्रैफिक बंद है। बर्फबारी से शोपियां के ऐतिहासिक मुगल रोड इलाके के पीर गली, दुबजन और लाल गुलाम इलाकों से गुजरने वाली सड़क पर ट्रैफिक आवाजाही को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। वहीं घाटी में सबसे ठंडे इलाके सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम रहे।मैदानी इलाकों में रात की ठंड से थोड़ी राहत मिली है, वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अभी सर्दी और बढ़ेगी। शोपियां के प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण मुगल रोड इलाके के ऊपरी हिस्सों में सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं। दृश्यता काफी कम हो गई है। इन स्थितियों से वाहनों की आवाजाही के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया जिस कारण प्रशासन को अगली सूचना तक दोनों तरफ से सड़क को ट्रैफिक के लिए बंद करना पड़ा। प्रशासन ने यात्रियों, ट्रांसपोर्टरों और पर्यटकों को प्रभावित इलाकों से अनावश्यक यात्रा से बचने और समय–समय पर जारी ट्रैफिक सलाह का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है। लोगों से सतर्क रहने और सड़क की स्थिति के बारे में आधिकारिक घोषणाओं से अपडेट रहने का भी आग्रह किया गया है।इस बीच बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन और अन्य संबंधित एजेंसियां बर्फ हटाने का काम शुरू करने के लिए तैयार हैं।



## सम्पादकीय

# वोट खरीद की योजनाएं

बुजुर्गों को पेंशन मिले, यह कल्याणकारी सोच है। मगर ऐसी सामाजिक सुरक्षा सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को क्यों मिलनी चाहिए? सरकारी कर्मचारियों को एक अलग सुविधा–प्राप्त वर्ग के रूप में रखने के प्रयासों के दुष्परिणाम पहले भी सामने आ चुके हैं। बिहार की तर्ज पर असम सरकार ने भी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले महिलाओं के खाते में रुपया भेजने की योजना घोषित की है। वहां इसे मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना कहा जाएगा। इसके तहत 37 लाख महिलाओं के खाते में 8000 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। इससे लगभग 30 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ राज्य के खजाने पर आएगा। अगले अप्रैल– मई में विधानसभा चुनाव तमिलनाडु में भी होना है। तो वहां सरकार ने पहले अपने कर्मचारियों को लुभाने की योजना घोषित की है। तमिलनाडु एश्योर्ड पेंशन स्कीम के तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि रिटायर्ड होने वाले राज्य सरकार के हर कर्मचारी को कम से कम अपने आखिरी वेतन का 50 फीसदी हिस्सा बतौर पेंशन मिले।इसके लिए कर्मचारी को सिर्फ दस फीसदी योगदान करना होगा। अतिरिक्त सारा बोझ राज्य सरकार उठाएगी। साथ ही रिटायर हो रहे कर्मचारियों को 25 लाख रुपये तक ग्रैच्युटी मिले, इसे सुनिश्चित किया जाएगा। फिलहाल इन योजनाओं से राज्य सरकार पर 13 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। चूंकि पेंशन की रकम महंगाई दर के अनुपात में बढ़ेगी, इसलिए यह खर्च हर गुजरते वर्ष के बढ़ता जाएगा। कहना कठिन है कि सरकारी कर्मचारियों को खुश करने की इस कोशिश का कितना चुनावी लाभ सत्ताधारी डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन को मिलेगा, मगर इस प्रयास में जो देनदारी बनेगी, उसका बोझ आने वाली सभी सरकारों को उठाना होगा। पेंशन के रूप में बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह कल्याणकारी सोच है। मगर ऐसी सुरक्षा सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को क्यों मिलनी चाहिए? सरकारी कर्मचारियों को एक अलग सुविधा–प्राप्त वर्ग के रूप में रखने के प्रयासों के दुष्परिणाम पहले सामने आ चुके हैं। उसका समाधान नई पेंशन व्यवस्था से ढूंढा गया था। तमिलनाडु सरकार (इसके कुछ अन्य उदाहरण भी हैं), उस व्यवस्था को पलटने जा रही है। चुनाव से ठीक पहले ऐसा कदम समस्याग्रस्त है। बेहतर नजरिया यह होता कि समाज के सभी तबकों को न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा देने की दिशा में कदम उठाया जाता। आखिर सरकारी कर्मचारी भी समाज की ही हिस्सा हैं। उन्हें अलग वर्ग में रखकर राजनीतिक दल खराब मिसाल पेश कर रहे हैं।

## प्रतिभा नहीं काफी पर्याप्त

यह प्रश्न हमेशा मौजूद रहा है कि भारत पदक तालिका में अपनी मौजूदा दयनीय स्थिति से कैसे उबरे। बिंद्रा समिति इसका मूलमंत्र बताया है कि खेल प्रशासन को पेशेवर बनाना, जिसमें जवाबदेही तय करने की करने की ठोस व्यवस्था हो। सिर्फ प्रतिभा की बदौलत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में सफलता कभी– कभार ही मिल सकती है। निरंतरता लानी हो, तो उसका राज़ पेशेवर नजरिया है। ओलिंपिक या अन्य खेल आयोजनों में पदक जीतने के ऐसे नजरिए से संचालित सिस्टम अपरिहार्य है। यह सार–संक्षेप है कि 170 पेज की रिपोर्ट का, जिसे ओलिंपिक खेलों में भारत के पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा के नेतृत्व वाली कमेटी ने तैयार किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में भारत का प्रदर्शन कैसे बेहतर हो, इस पर सुझाव देने के लिए यह समिति केंद्रीय खेल मंत्रालय ने बनाई थी। भारत ने 2036 के ओलिंपिक खेलों की मेजबानी का दावा पेश किया हुआ है। संभवतः उसके मद्देनजर सरकार ने विशेष तैयारी की जरूरत महसूस की है। बहरहाल, आयोजन भारत में हो या नहीं, यह कठिन प्रश्न तो हमेशा ही मौजूद रहा है कि भारत पदक तालिका में अपनी मौजूदा दयनीय स्थिति से कैसे उबरे।

# क्या रूसी लोग युद्धखोर हैं?

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस–उक्रेन युद्ध के जल्द ही खत्म होने का दावा किया है। पर रूसी राष्ट्रपति पूतिन जल्दी में नहीं लगते। न ही उक्रेनी राष्ट्रपति जेलेन्स्की बहुत अधीर लगते हैं। इसीलिए कूटनीतिक बात–चीत में प्रगति जरूर हो रही है, पर ट्रंप का दावा अधिक विश्वसनीय नहीं लगता इसलिए भी, कि कुछ ही पहले ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पूतिन को 'पागलइ कहा था। क्योंकि उन्होंने फटाफट ट्रंप की बात मान उक्रेन से युद्ध खत्म नहीं किया। पर ट्रंप रूसियों का चरित्र नहीं जानते। वे रूस के इतिहास से भी अनजान लगते हैं। यह कुछ स्वाभाविक भी है। अमेरिकियों द्वारा युद्ध को अपवाद, असहज घटना सा लिया जाता है। संभवत: कारण यह भी हो कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने कभी विदेशी कब्जा नहीं झेला है। द्वितीय विश्व युद्ध और वियतनाम, दोनों में मिलाकर भी कुल पाँच लाख अमेरिकी सैनिक मारे गये। लेकिन उसी से अमेरिकी काफी खिन्न हुए थे। आज तक उस की मनोवैज्ञानिक स्मृति वहाँ की रचनाओं में आती रहती है।**

**शंकर शरण**

रूसी इतिहास में युद्ध सदियों से बार–बार की परिघटना है। अमेरिकी इतिहासकार प्रो. ग्रेगोरी कार्लटन ने अपनी पुस्तक 'रसियाः द स्टोरी ऑफ वार' (2017) में रूसी इतिहास का एक रोचक आकलन किया है। ज् ऐतिहासिक रूप से रूसियों के लिए युद्ध उन के अस्तित्व का सामान्य अंग रहा है। रूसी सैन्य अकादमी के प्रमुख रहे निकोलाई सुखोतिन ने उन्नीसवीं सदी के अंत में हिसाब लगाकर बताया था कि उस से पिछली पाँच सदियों में रूस का लगभग दो तिहाई समय युद्ध लड़ते बीता है। उस के बाद, आगे बीसवीं सदी का हिसाब तो ऊपर देख ही चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस–उक्रेन युद्ध के जल्द ही खत्म होने का दावा किया है। पर रूसी राष्ट्रपति पूतिन जल्दी में नहीं लगते। न ही उक्रेनी राष्ट्रपति जेलेन्स्की बहुत अधीर लगते हैं। इसीलिए कूटनीतिक बात–चीत में प्रगति जरूर हो रही है, पर ट्रंप का दावा अधिक विश्वसनीय नहीं लगता।

इसलिए भी, कि कुछ ही पहले ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पूतिन को 'पागलइ कहा था। क्योंकि उन्होंने फटाफट ट्रंप की बात मान उक्रेन से युद्ध खत्म नहीं किया। पर ट्रंप रूसियों का चरित्र नहीं जानते। वे रूस के इतिहास से भी अनजान लगते हैं। यह कुछ स्वाभाविक भी है। अमेरिकियों द्वारा युद्ध को अपवाद, असहज घटना सा लिया जाता है। संभवतः कारण यह भी हो कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने कभी विदेशी कब्जा नहीं झेला है। द्वितीय विश्व युद्ध और वियतनाम, दोनों में मिलाकर भी कुल पाँच लाख अमेरिकी सैनिक मारे गये। लेकिन उसी से अमेरिकी काफी खिन्न हुए थे। आज तक उस की मनोवैज्ञानिक स्मृति वहाँ की रचनाओं में आती रहती है।

परन्तु रूसी इतिहास में युद्ध सदियों से बार–बार की परिघटना है। अमेरिकी इतिहासकार प्रो. ग्रेगोरी कार्लटन ने अपनी पुस्तक 'रसियाः द स्टोरी ऑफ वारइ (2017) में रूसी इतिहास का एक रोचक आकलन किया है। उस से पता चलता है अब तक रुसियों ने अनेक ऐसे युद्ध झेले जो मानो रूसियों को समूल खत्म कर देने लिए हुए थे। केवल द्वितीय विश्व युद्ध में ही 2 करोड़ से अधिक रूसी मारे गये थे, जबकि पूरे देश की आबादी 17 करोड़ थी।

हिटलर ने सचमुच रूसियों के खात्मे के लिए ही लेनिनग्राद पर घेरा डाला था। वह लेनिनग्राद पर कब्जा कर सकता था, परन्तु उस ने सितंबर 1941 से जनवरी 1944, ढाई साल तक, उस शानदार नगर की घेरेबंदी कर तमाम रूसियों को भूख से मार डालना तय किया था! उसे झेल कर तमाम रूसी लड़ते रहे। अंत में बर्लिन तक जाकर हिटलर को हराया। उस युद्ध के चार साल में रूस की संपूर्ण युवा पुरूष आबादी के तीन चौथाई से अधिक मारे गये!

वह रूस के लिए वैसा अपवाद युद्ध भी न था। उस से पहले प्रथम विश्व युद्ध, कम्युनिस्ट क्रांति, और गृह–युद्ध – यानी 1914 से 1921 के बीच – मात्र छः–सात वर्ष में 1 करोड़ रूसी मारे गये थे। जबकि रूस की कुल आबादी मात्र 18 करोड़ थी। और पीछे जाएं, तो 1812 में नेपोलियन की महान सेना ने मास्को को जलाकर राख कर दिया था। वह फ्रांसीसी सेना तब तक यूरोपीय इतिहास में सब से बड़ी थी! लेव टॉलस्टाय का कालजयी उपन्यास 'वार एंड पीसइ उसी पृष्ठभूमि पर लिखा हुआ है, जो विश्व का महानतम उपन्यास माना जाता है।

उस से पहले 13–15 वीं सदी में मंगोल और तातार हमलावरों ने रयाजान, सुजदल, मॉस्को, त्वेर, कीव, रोस्तोव, आदि कितने ही रूसी नगरों का पूर्ण विनाश कर दिया था! मंगोलों ने रूस पर दो सदियों तक, 15वीं सदी के अंतिम चरण तक शासन किया। अंततः हारने के बाद भी मंगोल हमलावर क्रीमिया पर छापे मारते रहते थे। उन्होंने भी दो बार मास्को को जला डाला था और 16वीं सदी तक रूसियों को गुलाम बनाकर सीरिया, फारस और तुर्की बाजारों में बेचा।

इसलिए, रूसी मानस में दोनेत्स्क, क्रीमिया, आदि केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं है। वह विदेशी हमलों, भयावह उत्पीड़न झेलने और लड़ने का ऐतिहासिक प्रतीक भी है। न केवल क्रीमिया रूस का ऐतिहासिक अंग है, बल्कि स्वयं उक्रेनी लोग भी 'छोटे रूसीइ कहे जाते रहे हैं। पहले सदियों तक रूस का नाम ही 'कीव–रूसइ था। पूरा उक्रेन ही रूस का अंग था। उसे सोवियत संघ का एक अलग प्रांत भी रूसी नेता लेनिन ने 1919 में बनाया। उस से पहले उक्रेन कभी रूस से अलग देश तो क्या, अलग प्रांत भी नहीं रहा था। अतः रूस–उक्रेन युद्ध भाइयों की लड़ाई है। चाहे दोनों के चरित्र में अब काफी अंतर क्यों न आ गया हो।अतः, ऐतिहासिक रूप से रूसियों के लिए युद्ध उन के अस्तित्व का सामान्य अंग रहा है। रूसी सैन्य अकादमी के प्रमुख रहे निकोलाई सुखोतिन ने उन्नीसवीं सदी के अंत में हिसाब लगाकर बताया था कि उस से पिछली पाँच सदियों में रूस का लगभग दो तिहाई समय युद्ध लड़ते बीता है। उस के बाद, आगे बीसवीं सदी का हिसाब तो ऊपर देख ही चुके हैं।

इसीलिए, रूसी समाज अपने सैनिकों और स्मारकों के प्रति जो विशेष और नियमित आदर स्थान रखता है, वह विश्व में अन्यत्र कहीं नहीं है। मॉस्को में विवाह के बाद नवविवाहित जोड़ा सब से पहले 'अनाम सैनिक के स्मारकइ पर जाकर फूल चढ़ाता है। हिटलर पर जीत का दिन, 9 मई रूस में सब से बड़े राष्ट्रीय पर्व जैसा है, जिस में सभी रूसी समान श्रद्धा रखते हैं। ऐसा संभवतः दुनिया के किसी अन्य देश में नहीं है।

रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च ने अनेक रूसी योद्धाओं को संत की उपाधि दी है। इसलिए नहीं कि उन्होंने ऑर्थोडॉक्स चर्च को फैलाया या उस के मिशनरी थे, जैसा कैथोलिक चर्च परंपरा में है। बल्कि इसलिए कि उन रूसी योद्धाओं ने समाज की रक्षा की। दमित्री दोन्सकी, अलेक्जेंडर नेवस्की, और एडमिरल उसाकोव ऐसे कुछ ऐतिहासिक रूसी योद्धा रहे हैं, जिन्होंने मंगोलों, ट्यूटनों, या तुर्कों से लड़ कर मातृभूमि को मुक्त कराया, या उस की रक्षा की थी। उन्हें रूसी चर्च ने संत की उपाधियाँ दी। यह भी दुनिया में अपवाद है, कि सैनिक योद्धाओं को 'संतइ की उपाधि मिली।

इसीलिए, रूसियों की भावना, संस्कृति और प्रतिक्रिया को अन्य देशों के सांस्कृतिक पैमाने से देखना भूल है। वैसे भी, भिन्न–भिन्न संस्कृतियाँ अपने कुछ विशिष्ट मानदंड रखती हैं। रूसियों पर तो यह और भी अधिक लागू है।

जर्मन–अमेरिकी राजनीति शास्त्री हान्स मार्गेन्थाऊ ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'पॉलिटिक्स एमंग नेशंसइ (1948) में 'राष्ट्रीय चरित्रइ पर एक विस्तृत और बड़ा रोचक अध्याय लिखा है। उस में, सौ सालों के अंतराल में रूसी चरित्र के दो अनोखे विवरण हैं। एक में द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद बर्लिन में एक रूसी सैनिक की दयालुता और दृढ़ता एक ही घटना में इक्के दिखाई गयी है। तब बर्लिन रूसी फौज के अधिकार में आ चुका था। वह वास्तविक घटना इस प्रकार हैः कोई रूसी सैनिक बारह जर्मन बंदियों को लाइन में लगाकर लिए जा रहे हैं। एकाएक नागरिकों में एक युवती चीख कर बंदियों में अपने पति/प्रेमी को पहचान लेती है। वह दौड़ कर आकर उस से लिपट जाती है। रूसी सैनिक उसे रोकता है। आस–पास के जर्मन लोग सकते में आ जाते हैं, क्योंकि फौजी कामों में बाधा डालने वाले को गोली मार देना सामान्य था। पर रूसी सैनिक युवती को सांत्वना देता है। फिर उस बंदी को अपने टॉमीगन से धक्का देकर आजाद कर देता है। पर कुछ देर में अपना सिगार जलाते हुए ठिठकता है, कि बंदियों की संख्या तो निश्चित थी। अपने गंतव्य पर उसे उतने ही बंदी सौंपने हैं, जितने चले थे। वह रूसी सैनिक आसपास चल रहे जर्मन नागरिकों पर नजर दौड़ाता है। उस में एक युवक को पकड़ कर बंदियों की पंक्ति में लगा देता है। संख्या पूरी हो गई। फिर मजे से सिगार जला कर बंदियों को निगरानी में लिए चलता है। मानो कुछ न हुआ हो! यह घटना 'टाइमइ मैगजीन के 21 अप्रैल 1947 अंक में छपी थी।

ऐसे अनेक प्रकरण रूसियों का बिलकुल अलग चरित्र दिखाता है। दूसरों को उक्रेन पर रूसी प्रहार अत्यधिक निर्मम, अनुचित या बेबूझ लग सकता है। किंतु रूसी नजर से वह अस्तित्व की लड़ाई है। उन्होंने इतिहास में बार–बार वही देखा, झेला है। फिर यह तो है ही कि जर्मनी के एकीकरण के बाद, 1990–91 में अमेरिका ने वादा किया था कि नाटो जर्मनी से पूरब की ओर नहीं बढ़ेगा। परन्तु आने वाले दशकों में पोलेंड, हंगरी, और बाल्टिक देश नाटो में शामिल कर लिए गये। अब यूक्रेन की बारी थी, क्यों कि उक्रेनी नेता ही उस दिशा में बढ़ रहे थे। वह रूस के घर में घुस जाने के समान होता। तब पूतिन ने, सही या गलत, मान लिया कि अब रूस पर फिर अस्तित्व की लड़ाई वाला हमला निकट है। इसे अधिकांश रूसियों ने पुनः वैसे ही मर्मांतक प्रहार का आरंभ समझा जो मंगोलों, तातारों, फिर नेपोलियन, और हिटलर ने उन के साथ पहले किया था।

सो, रूसी चरित्र उस के अनुभवों से बना है। यही कारण है कि आम रूसी इस मामले में पूतिन को मोटे तौर पर सही मानते हैं। क्यों कि उन की मानसिकता में युद्ध कोई बीते युग की चीज नहीं है। वह मानो चक्रीय गति से आता रहता है, जिस में समय–समय पर लगना रूसी लोग कर्तव्य मानते हैं। इसीलिए कितना भी कष्ट उठाकर, कोई भी कीमत देकर युद्ध लड़ना और जीतने का यत्न करना उन्हें सामान्य लगता है। यहाँ रुसी कवि फ्योदोर त्युतचेव की कविता स्मरणीय हैः "रूस को कोई माथा लगा कर नहीं समझ सकता। न सामान्य पैमाने से माप सकता है। वह देश अकेला खड़ा रहा है। रूस पर कोई केवल विश्वास ही कर सकता है।" यह 1866 में लिखी पंक्तियाँ आज भी लागू लगती है। रूस सचमुच अकेला है, और उसे सामान्य पैमाने से समझना कठिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति कम से कम एक भूल जरूर कर रहे हैं। नाटो के विस्तार की नीति पर अमेरिका ने रूस को दिए वचन का उल्लंघन किया है। अब उस पर रूस की प्रतिक्रिया ऐसी नहीं, वैसी होनी चाहिए – यह विवाद, और राष्ट्रीय हितों की अपनी–अपनी समझ का प्रश्न है।जहाँ तक सपाट रूप से युद्ध के विरोधी, हर हाल में शांति–अहिंसा के गीत गाने वाले लोग हैं, तो कहना होगा कि उन्हें राजनीति की समझ नहीं। वे सुरक्षित, आरामदायक जीवन जीते हुए कल्पना से बातें करते हैं जो केवल सदिच्छाएं हैं। इस में रूस ही नहीं भारतीय इतिहास भी देखना चाहिए।

# नई फसल और ऊर्जा का पर्व, इन तरीकों से बनाएं मकर संक्रांति के त्योहार को खास

**मकर संक्रांति के दिन धार्मिक पूजा और कार्यों का महत्व होता है इसमें ही सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ–सुथरे कपड़े पहनें। इसके साथ ही आप किसी भी मंदिर में सूर्य देवता की पूजा कर सकते है। कहते है इस पूजा में तिल–गुड़ का भोग लगाने का महत्व होता है। इस खास दिन पर आप गरीब और जरूरतमंद लोगो को तिल, गुड़, अनाज, और कपड़ों का दान कर सकते है।**

**दीपिका मलिक**

जनवरी महीने की शुरुआत हो गई है इसके साथ ही 14 जनवरी को साल 2026 का पहला त्योहार यानि मकर संक्रांति मनाया जाएगा। यह त्योहार कृषि, धर्म और संस्कृति से जुड़ा खास त्योहार है तो वहीं पर इस दिन से कृषि, धर्म और संस्कृति से में बदलते है। इस त्योहार को कई तरीके से मनाया जाता है तो वहीं पर हर बातों का महत्व इस त्योहार में छिपा है।

मकर संक्रति के दिन धार्मिक पूजा और कार्यों का महत्व होता है इसमें ही सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ–सुथरे कपड़े पहनें। इसके साथ ही आप किसी भी मंदिर में सूर्य देवता की पूजा कर सकते है। कहते है इस पूजा में तिल–गुड़ का भोग लगाने का महत्व होता है। इस खास दिन पर आप गरीब और जरूरतमंद लोगो को तिल, गुड़, अनाज, और कपड़ों का दान कर सकते है।

मकर संक्रति के दिन धार्मिक पूजा और कार्यों का महत्व होता है इसमें ही सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ–सुथरे कपड़े पहनें। इसके साथ ही आप किसी भी मंदिर में सूर्य देवता की पूजा कर सकते है।

कहते है इस पूजा में तिल–गुड़ का भोग लगाने का महत्व होता है। इस खास दिन पर आप गरीब और जरूरतमंद लोगो को तिल, गुड़, अनाज, और कपड़ों का दान कर सकते है।

मकर संक्रांति के मौके पर तिल और गुड़ से बने व्यंजन का भोग लगाया जाता है। इसमें ही तिल के लड्डू,गजक, चिक्की, और खिचड़ी जैसे पकवान बनाएं और परिवार के साथ इस त्योहार पर आनंद लें। मकर संक्रति के दिन से तिल–गुड़ के सेवन से मिलने वाले लाभ का महत्व होता है।

मकर संक्रांति के मौके पर तिल और गुड़ से बने व्यंजन का भोग लगाया जाता है। इसमें ही तिल के लड्डू,गजक, चिक्की, और खिचड़ी जैसे पकवान बनाएं और परिवार के साथ इस त्योहार पर आनंद लें। मकर संक्रति के दिन से तिल–गुड़ के सेवन से मिलने वाले लाभ का महत्व होता है। मकर संक्रांति के मौके पर रंगोली बनाने का भी महत्व होता है। आप रंगोली बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों या फूलों का उपयोग आसानी से कर सकते है। इसके लिए आप सुंदर पारंपरिक डिजाइनों के साथ घर के मुख्य दरवाजे को सजाएं। रंगोली में सूर्य देवता का चित्रण करें क्योंकि यह दिन उनका माना जाता है।

मकर संक्रांति के मौके पर रंगोली बनाने का भी महत्व होता है। आप रंगोली बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों या फूलों का उपयोग आसानी से कर सकते है। इसके लिए आप सुंदर पारंपरिक डिजाइनों के साथ घर के मुख्य दरवाजे को सजाएं। रंगोली में सूर्य देवता का चित्रण करें क्योंकि यह दिन उनका माना जाता है। मकर संक्रति के मौके पर तिल और गुड़ का महत्व होता है उस तरह ही पतंगबाजी की परंपरा इस त्योहार पर खास होती है। नए साल की शुरुआत से लेकर फसल कटाई के उत्सव के रूप में इस त्योहार का महत्व होता है। सुबह जल्दी उठकर अपने परिवार और दोस्तों के साथ छत पर पतंग उड़ाएं। मकर संक्रति के मौके पर तिल और गुड़ का महत्व होता है उस तरह ही पतंगबाजी की परंपरा इस त्योहार पर खास होती है। नए साल की शुरुआत से लेकर फसल कटाई के उत्सव के रूप में इस त्योहार का महत्व होता है। सुबह जल्दी उठकर अपने परिवार और दोस्तों के साथ छत पर पतंग उड़ाएं।

# राहु केतु का ट्रेलर रिलीज, बड़े पर्दे पर अब मचेगा कॉस्मिक कॉमेडी का बवाल




ज़ी स्टूडियोज़ और ब्लाइव प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म राहु केतु का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है और आते ही इसने साफ कर दिया है कि दर्शकों को मिलने वाला है एक ऐसा पागलपन भरा सफर, जहां पौराणिक कथाएं टकराएंगी आज के हंगामे से और हंसी के पीछे छुपा होगा एक बड़ा कॉस्मिक मैसेज। चुटीले ह्यूमर, शार्प राइटिंग और दमदार परफॉर्मेंस से भरा यह ट्रेलर एक ऐसी फिल्म का वादा करता है, जो जितनी एंटरटेनिंग है, उतनी ही सोचने पर मजबूर करने वाली भी। ट्रेलर की शुरुआत होती है पियूष मिश्रा की प्रभावशाली आवाज़ से, जो अपनी खास कहानी कहने की शैली में राहु और केतु के पौराणिक महत्व से दर्शकों को रूबरू कराते हैं। उनकी आवाज़ लोककथाओं की जड़ों में कहानी को मजबूती से बांधती है और एक ऐसी दुनिया की नींव रखती है, जहां प्राचीन मान्यताएं टकराती हैं आज के मॉडर्न कन्फ्यूज़न से। फिल्म की कमान संभालते हैं पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा, जिनकी कॉमिक टाइमिंग और आपसी केमिस्ट्री ट्रेलर में ही दिल जीत लेती है। पुलकित अपने किरदार में चार्म, चालाकी और अनिश्चितता लेकर आते हैं, जो शॉर्टकट और महत्वाकांक्षा से चलने वाला है। वहीं वरुण शर्मा एक बार फिर साबित करते हैं कि सिचुएशनल कॉमेडी उनका मजबूत हथियार है, जहां उनका फिज़िकल ह्यूमर और ऑब्ज़र्वेशनल कॉमिक सेंस खूब रंग जमाता है। फिल्म की थीम पर बात करते हुए पुलकित सम्राट कहते हैं,

# तिलक वर्मा पहले 3 टी20 मुकाबलों से बाहर



नई दिल्ली। 3 वनडे और 5 टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम भारत पहुंच चुकी है। वनडे सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। वहीं 21 जनवरी से टी20 सीरीज शुरू होगी। टी20 सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है।

भारत के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा पहले 3 टी20 मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। तिलक वर्मा की दर्द के बाद गुरुवार को जांच की गई और इसमें टेस्टिकुलर टॉर्शन की पुष्टि हुई। डॉक्टर्स की सलाह पर तिलक की सर्जरी हुई और यह सर्जरी सफल रही। सर्जरी के बाद तिलक टी20 सीरीज के पहले 3 मैच नहीं खेल पाएंगे। पहला टी20 21 जनवरी को नागपुर में खेला जाएगा। सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 जनवरी को रायपुर में खेला जाएगा। वहीं तीसरा टी20 मुकाबला 25 जनवरी को गुवहाटी में होगा। तिलक 7 फरवरी से होने वाले टी20 विश्व कप में खेलेंगे या नहीं यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

**तिलक के करियर पर एक नजर**

तिलक वर्मा ने अपने करियर में अब तक 40 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान 37 पारियों में उन्होंने 49.29 की औसत और 144.09 की स्ट्राइक रेट से 1183 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उन्होंने 6 अर्धशतक के साथ ही 2 शतक भी लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 120 रन है। एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ तिलक ने मैच विनिंग पारी खेली थी। टॉप ऑर्डर के फेल होने के बाद 4 नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे तिलक ने 53 गेंदों पर नाबाद 69 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 3 चौके और 4 छक्के लगाए थे।

# मुंबई के प्रदूषण से हिना खान की सेहत पर पड़ा बुरा असर



भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई हमेशा अपने तेज रफ्तार जीवन और चमक–दमक के लिए जानी जाती है। हाल के वर्षों में मुंबई में हवा की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है और लोगों के लिए दिन–प्रतिदिन की जिंदगी मुश्किल बनती जा रही है। प्रदूषण ने ना सिर्फ आम लोगों की सेहत पर असर डाला है, बल्कि सेलिब्रिटी भी इससे अछूते नहीं हैं। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री हिना खान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि वह बढ़ते प्रदूषण की समस्या से परेशान हैं और इससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। हिना खान ने कहा, मुंबई की बिगड़ती हवा के कारण मुझे सांस लेने में मुश्किल हो रही है। प्रदूषण की वजह से लगातार खांसी है और यह सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। ब्रेस्ट कैंसर से जूझने के कारण यह मेरे लिए और भी चुनौतीपूर्ण है।

हिना खान ने कहा, प्रदूषित हवा की वजह से मेरा बाहर निकलना और शारीरिक तौर पर कोई काम करना भी सीमित हो गया है। यह मेरे दैनिक जीवन की सामान्य गतिविधियों पर भी असर डाल रहा है।

## 43 साल के करियर में अनुपम खेर की 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू

3 जून 1981 को एक ऐसे शख्स ने मुंबई में कदम रखा, जो आज हिंदी सिनेमा की बड़ी पहचान बन चुका है। हम बात कर रहे हैं अनुपम खेर की, जिन्होंने अपने 43 साल के करियर में 550वीं फिल्म के आंकड़े को छू लिया है और अपने इतने लंबे करियर में उन्होंने कई तरह के उतार–चढ़ाव भी देखे। अब उन्होंने 550वीं फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और इसका श्रेय अपने चाहने वालों को दिया है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने 1982 में आई फिल्म आगमन में छोटा सा किरदार निभाकर अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन 1984 में आई फिल्म सारांश से उन्हें बड़ा ब्रेक मिला। किसे पता था कि सारांश से सराहना पाने वाले अनुपम खेर हिंदी सिनेमा पर राज करेंगे? अब साल 2025 में अभिनेता ने अपनी 550वीं फिल्म खोसला का घोसला–2 की शूटिंग शुरू कर दी है, जो उनके जीवन और करियर की बड़ी उपलब्धि है।

# एशेज सीरीज में हार के बाद एक्शन में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड



सिडनी, एपी : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में 1–4 से मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ियों और प्रबंधन के प्रदर्शन की समीक्षा करेगा। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गोल्ड ने आने वाले महीनों में जरूरी बदलाव लागू करने का वादा किया है।

गोल्ड ने कहा कि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और क्रिकेट निदेशक राब की की योजना, रणनीति और तैयारी की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन और व्यवहार तथा परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता का भी मूल्यांकन किया जाएगा। गोल्ड ने कहा, यह एशेज दौरा बड़ी उम्मीदों और उत्साह के साथ शुरू हुआ था। इसलिए यह बेहद निराशाजनक है कि हम ऑस्ट्रेलिया में एशेज जीतने की अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए। हमने टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिकेट बोर्ड जल्द से जल्द सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि टीम अगले महीने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी–20 विश्व कप की तैयारी कर रही है। हम आने वाले महीनों में जरूरी बदलाव लागू करेंगे।

**नाइटक्लब की घटना को लेकर ब्रूक ने मांगी माफी**

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने गुरुवार को नाइटक्लब में बाउंसर से भिड़ने को लेकर माफी मांगी है। यह घटना अक्टूबर में हुई थी, जब इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर थी। टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, 31 अक्टूबर को तीसरे वनडे से एक दिन पहले वेलिंगटन के एक क्लब में प्रवेश नहीं मिलने के बाद ब्रूक और बाउंसर के बीच झड़प हुई थी। ईसीबी ने ब्रूक को चेतावनी दी थी और जुर्माना लगाकर छोड़ दिया था।

ब्रूक ने गुरुवार को कहा, "मैं अपने व्यवहार को लेकर माफी मांगता हूं। मैं स्वीकार करता हूं कि मेरे व्यवहार से मुझे और इंग्लैंड टीम को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। इंग्लैंड टीम का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है और मैं इसे गंभीरता से लेता हूं। मैं अपने साथियों, कोच व समर्थकों को नीचा दिखाने के लिए माफी मांगता हूं।"

## एक नजर

### कैशलेस इलाज को सरल बनाने, ओपीडी सहित सभी जांचें नि:शुल्क करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** गढ़वाल सेवानिवृत्त कर्मचारी समिति ने गोल्डन कार्ड में आ रही विसंगतियों को दूर करने सहित पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने की मांग की। समिति ने कैशलेस इलाज को सरल बनाने और ओपीडी सहित सभी जांचें निशुल्क करने की भी मांग की। इस संबंध में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की राशिकरण की कटौती को 15 साल से 10 साल 8 महीने किए जाने का आदेश जारी करने को कहा। कहा कि हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर 65, 70, 75 व 80 साल की आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को पांच प्रतिशत की दर से अतिरिक्त बढ़ोत्तरी दी जाए। साथ ही ऐसे पेंशनर्स जिनकी सेवानिवृत्ति 30 जून और 31 दिसंबर को हुई है उन्हें यूपी की तरह वेतनवृद्धि का लाभ 2006 से प्रदान की जाए। इस मौके पर अध्यक्ष त्रिलोक सिंह रावत, सचिव जसपाल सिंह रावत, महासचिव सुरेश चंद्र बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

### स्व. अंकिता भंडारी के नाम पर हुआ राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ का नाम

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ (श्रीकोट) पौड़ी का नाम परिवर्तित करते हुए स्व. अंकिता भंडारी राजकीय नर्सिंग कॉलेज डोभ (श्रीकोट) पौड़ी किया गया है। इस संबंध में चिकित्सा सवास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के द्वारा गुरुवार को कार्यालय ज्ञाप जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस स्व. अंकिता के माता-पिता से भेंटकर दोहराया था कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के द्वारा प्रस्तुत मांगों पर विधि-सम्मत, निष्पक्ष एवं त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए कहा कि उन्हें न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### गुनोगी—नैलबागी सड़क निर्माण की राह हुई आसान

नई टिहरी। लंबे अर्से के बाद भूमि विवाद का निपटारा होने से अब गुनोगी–नैलबागी सड़क निर्माण की राह आसान हो गई। सड़क का निर्माण होने से गुनोगी, एरवाणी, कुमाईखेत और नैलबागी के लगभग 200 परिवारों पैदल दूरी तय करने से राहत मिलेगी। 1.87 लाख की लागत से पांच किमी सड़क का निर्माण लोनिवि चंबा फरवरी से शुरू करेगा। चंबा ब्लॉक के गुनोगी, एरवाणी, कुमाईखेत और नैलबागी को सड़क से जोड़ने के लिए बीते अक्तूबर में वित्तीय स्वीकृति मिल गई थी। राज्य योजना के अंतर्गत गुनोगी से नैलबागी तक पांच किमी सड़क का निर्माण किया जाना था लेकिन सड़क निर्माण शुरू होने से पहले भूमि विवाद सड़क की राह में बाधा बन गई थी। सर्वे को लेकर लोनिवि और ग्रामीणों के बीच कई बार विवाद की स्थिति बनी रही। विभागीय अधिकारियों और ग्रामीणों की कई दौर की बैठकों के बाद सड़क का समरेखण बदलने पर सहमति बनी।

### ऊखीमठ तहसील में किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग। अनुसूचित मोर्चा केदारनाथ के सदस्यों की ओर से अंकिता हत्याकांड को राजनीतिक मुद्दा बनाए जाने पर तहसील मुख्यालय ऊखीमठ में प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सदस्यों ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मामले पर कुछ राजनैतिक दलों की ओर से इसे मुद्दा बनाया जा रहा है जिससे अंकिता के परिवार को ठेस पहुंच रही है। प्रदर्शन करने वालों में शिल्पकार स्वाभिमान सेवा संगठन की अध्यक्ष सुषमा देवी, सचिव संजय मनवाल,संरक्षक डीएल कोहली, क्षेत्र पंचायत सदस्य पवन कुमार, प्रमोद कुमार, सुभाष चंद, महेश चंद, कुलदीप आदि मौजूद थे।

# मोटर नगर की अनेदखी का आरोप, किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लगातार शिकायत के बाद भी मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डे का निर्माण नहीं होने से आक्रोशित उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि जनता की अनेदखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार व नगर निगम को समस्या को लेकर गंभीरता दिखानी चाहिए।

वरिष्ठ नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मोटर नगर में अधुनिक बस अड्डे के लिए खोदे गए गड्ढे में प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि दशकों पूर्व कोटद्वार में आधुनिक बस अड्डे का सपना दिखाया गया था। लेकिन, दशकों बीत जाने के बाद भी बस अड्डे के नाम पर केवल एक गड्ढा ही नजर आ रहा है।


कोटद्वार के मोटर नगर में प्रदर्शन करते उक्रांद कार्यकर्ता व पदाधिकारी

नगर निगम व प्रदेश सरकार ने एक बड़ी भूमि को बर्बाद कर दिया है। कहा कि वर्तमान में आधुनिक बस अड्डा निर्माण का मामला न्यायालय में लंबित पड़ा हुआ है। ऐसे में नगर निगम व प्रदेश सरकार को इसके लिए अधिवक्ताओं की राय लेनी चाहिए। यूकेडी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह रावत ने मोटर नगर की इस बुरी स्थिति के लिए कोटद्वार के विधायक व सांसद जिम्मेदार हैं। मोटर नगर के नाम पर राष्ट्रीय पार्टियों ने केवल राजनीति की है। महानगर अध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत ने शहरी विकास मंत्री से समस्या को लेकर गंभीरता दिखाने की मांग उठाई। सत्य प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता प्रवेश चंद्र नवानी, सत्यपाल सिंह नेगी, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला, पुष्कर सिंह रावत, पंकज उनियाल, अशोक कण्डारी, सतपाल नेगी, प्रदीप नेगी, विनोद चौधरी, दीपक, हरेंद्र रावत, विनोद सिंह, दिनेश सिंह, कुलदीप तोमर, नरेंद्र नेगी, बिनोद अग्रवाल, संजू कश्यप आदि मौजूद रहे।

# अंकिता हत्याकांड के दोषियों को बचा रही पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व काबीना मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह नेगी ने प्रदेश सरकार पर अंकिता हत्याकांड से जुड़े लोगों को बचाने का आरोप लगाया। कहा कि पहाड़ की बेटी को न्याय दिलवाने के लिए सरकार लापरवाह बनी रही। आज अंकिता को न्याय दिलवाने के लिए प्रदेशवासी सड़क पर उतरकर आंदोलन कर रही है।

कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सुरेंद्र सिंह नेगी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड में कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। बाजवूद सरकार बेटी को न्याय दिलवाने के लिए लापरवाह बनी हुई है। अंकिता भंडारी मामले में घटना के तुरंत बाद ही रिजॉर्ट को तुड़वा दिया गया। जिसके बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। कहा कि अंकिता के माता-पिता न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाते रहे। लेकिन, सरकार ने सीबीआई जांच नहीं कवाई। लेकिन, अब मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि जो अंकिता के माता-पिता कहेंगे, वही होगा। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए। कहा कि विधानसभा कोटद्वार में लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग, कण्वाश्रम का समग्र विकास, टाइगर सफारी के मुद्दे जस के तस हैं, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी आने वाले समय में वृहद आंदोलन करेगी। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण, पार्षद गीता नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चंद्रमोहन खर्कवाल मौजूद रहे।


कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

# लैंसडौन में गुलदार की धमक, दहशत में लोग

### बाजार में घूमता हुआ दिखाई दे रहा गुलदार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। पर्यटक नगरी लैंसडौन में पिछले कई दिनों से गुलदार की धमक बनी हुई है। आए दिन गुलदार बाजार के आसपास घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

लैंसडौन का अधिकांश भाग जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में यहां लगातार गुलदार की धमक बढ़ रह है। एक दिन पूर्व तड़के गुलदार मिश्रा मिष्ठान भंडार के समीप घूमता हुआ दिखाई दिया। गुलदार की धमक का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। गुलदार लगातार सदर बाजार में कुत्तों को अपना निवाला बना रहा है। गुलदार की बढ़ती सक्रियता ने लैंसडौन वासियों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि गुलदार के डर से लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।


लैंसडौन बाजार में घूमता गुलदार

सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। गुलदार के डर से लोग सुबह की सैर पर भी नहीं निकल पा रहे हैं। गुलदार कब लोगों पर हमला कर दें, कुछ कहा नहीं जा सकता। वन क्षेत्राधिकारी राकेश चंद्र ने बताया कि वन विभाग गुलदार की सक्रियता को लेकर अपनी नजरें बनाए हुए हैं, वन विभाग ने लोगों से सुबह वह अन्य समय अकेले ना निकलने की अपील की है।

### खेल महाकुंभ : मुर्गा झपट में मानसी ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला मुख्यालय के रांसी स्टेडियम में आयोजित खेल महाकुंभ के तहत अंडर-19 बालिका वर्ग कबड्डी, मुर्गा झपट, पिट्ठू प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कबड्डी में ल्वाली पौड़ी ब्लॉक, पिट्ठू में बिचली ढांडरी पौड़ी, मुर्गा झपट में मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में पौड़ी ब्लॉक का ल्वाली प्रथम, लहेड़ा कल्जीखाल द्वितीय और जामरी कोट तृतीय रहा। पिट्ठू में बिचली ढांडरी पौड़ी प्रथम, सांगुड़ा कल्जीखाल द्वितीय व तैड़ी कोट तृतीय रहा। मुर्गा झपट में मानसी ने पहला, तनु ने दूसरा और नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं विकासखंड पाबौ के खुड्डेश्वर मैदान में हुए खेल प्रतियोगिताओं के अंडर-14 कबड्डी में चमराड़ा खिर्सू ब्लॉक प्रथम, थलीसैंण ब्लॉक का कैन्यूर द्वितीय व पैठाणी तृतीय स्थान पर रहा। खो-खो में चमराड़ा खिर्सू प्रथम, बगेली थलीसैंण द्वितीय व चिपलघाट पाबौ तृतीय रहा। अंडर-19 कबड्डी में कैन्यूर थलीसैंण ने पहला, पोखरी खिर्सू ने द्वितीय व चिपलघाट पाबौ ने तीसरा स्थान पाया जबकि खो- खो में चौरा थलीसैंण ने बाजी मारी।

# स्वयं सेवियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल देवी रोड में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस दौरान स्वयं सेवियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के प्रेक्षागृह में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का प्रारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत से हुआ। आधारशिला फाउण्डेशन के संस्थापक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शांता बमराडा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर एनएसएस स्वयंयसेवी छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गयी।


एनएसएस शिविर समापन पर सांस्कृतिक प्रस्तुती देते स्वयं सेवी

इस मौके एक नृत्य नाटिका जिसका शीर्षक ''एक स्वयंसेवी समाज में परिवर्तन ला सकता है' का मुख्य मचन स्वयंसेवी छात्र महफूज अहमद द्वारा प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने स्वयं सेवियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर डबल सिंह नेगी, सतेन्द्र सिंह नेगी, रमा हिन्दवान, अनिता देवरानी, पूजा नेगी, शेखर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवियों को बताया एनएसएस का महत्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। शिविर में अमित रावत सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी व मानसी शाह सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (सांस्कृतिक) चुने गए।

शिविर के समापन समारोह का मुख्य अतिथि महेंद्र अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि परितोष रावत, मनमोहन सिंह चौहान, बिजेंद्र बिष्ट, सादर सिंह रावत व प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केंद्र सरकार का एक रचनात्मक प्रकल्प है। विशिष्ट अतिथि रासेयो के पूर्व जिला समन्वयक पारितोष रावत ने कहा कि इस संगठन की स्थापना 1969 में हुई और आज देश के सभी राज्यों में रासेयो की इकाइयां उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री मनमोहन सिंह चौहान व जिला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट ने कहा कि आदर्श नागरिक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। पूर्व शिक्षक सादर सिंह रावत ने कहा कि सभी स्वयं सेवियों का संस्कारवान होना जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वयं सेवियों ने शिविर में जो अनुभव प्राप्त किए, उसे अपने जीवन में उतारे। शिविर में स्वयं सेवियों ने पर्यावरण स्वच्छता, प्रार्थना स्थल और फुलवारी का रंग रोगन, यातायात नियमों का पालन व संचालन आदि कार्यों के जरिए समाज सेवा के सूत्र सीखें। विभिन्न सत्रों में सामाजिक समरसता, मतदाता जागरूकता, परिवार प्रबोधन व जीवन मूल्यों से संबंधित गहन जानकारी प्राप्त की।


आयोजित शिविर में भाग लेते छात्र

विशेष शिविर के समापन पर अमित रावत सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी, मानसी शाह सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (सांस्कृतिक), नाहिद आलम दल नायक चुने गए। विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए गौतम समूह ने प्रथम, विश्वामित्र ने द्वितीय व कण्व समूह ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्वयंसेवी छात्र/छात्राओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी मुकेश रावत व सह प्रभारी डबल सिंह रावत ने किया।

### अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लें लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड जयहरीखाल की न्याय पंचायत दुधारखाल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अधिकारियों को जन समस्याओं से अवगत करवाया। उपजिलाधिकारी रेखा आर्य की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सड़क, बिजली सहित अन्य समस्याओं से अधिकारियां को अवगत करवाया। दर्ज की गई 25 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शिविर में उन्होंने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास विभाग, उद्यान, कृषि, वन, राजस्व सहित कुल 23 विभागों के स्टाल लगाए गए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रणवीर सजवाण, अधिशासी अभियंता श्रीपति डोभाल, खंड विकास अधिकारी रवि सैनी, खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद, क्षेत्र पंचायत सदस्य नूतन, ग्राम प्रधान अजय कुमार, ग्राम प्रधान अंकित जुयाल आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन ने बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल की तैयारियां शुरू की

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला प्रशासन ने कोटद्वार के सनहे क्षेत्र में होने वाले दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल की तैयारियां शुरू कर दी हैं। फेस्टिवल 31 जनवरी व एक फरवरी को आयोजित होगा। फेस्टिवल में भ्रमण, बर्ड-वॉक, बर्ड फोटोग्राफी प्रदर्शनी, पक्षी पहचान व संरक्षण पर आधारित गतिविधियों के साथ ही छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम और स्वयं सहायता समूहों की ओर से स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में जिले के स्थानीय लोगों के साथ ही प्रदेश एवं अन्य प्रांतों के अनुभवी बर्ड वॉचर भी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि प्राकृतिक विरासत और जैव विविधता के संरक्षण के लिए यह अहम पहल है। फेस्टिवल 31 जनवरी व एक फरवरी को आयोजित होगा। डीएफओ लैंसडौन जीवन मोहन दगाड़े ने बताया कि सनेह जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण वन क्षेत्र है, जहां स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की अनेक दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती हैं। इस महोत्सव से वन व वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ेगी। वन विभाग की ओर से इस आयोजन के दौरान पक्षी संरक्षण, प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और जैव विविधता के महत्व पर विशेष जानकारी दी जाएगी। जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि इसके जरिये जनपद में ईको टूरिज्म और बर्ड-वॉचिंग पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र की जैव विविधता को व्यापक पहचान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रोशनलाल कुकरेती पुत्र श्री पन्नालाल कुकरेती लिखा गया है, जबकि वर्तमान में मेरा सही व वास्तविक नाम रोशनलाल पुत्र श्री पन्ना लाल ग्राम लूथापुर, पोस्ट ऑफिस कलालघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन-246149 है। भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम रोशनलाल पुत्र श्री पन्ना लाल ग्राम लूथापुर, पोस्ट ऑफिस कलालघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन-246149 से जाना व पहचाना जाय। भविष्य में कोई भी राजकीय कार्यवाही इसी नाम से मानी जाए।

**रोशन लाल पुत्र पन्ना लाल निवासी लूथापुर, पोस्ट ऑफिस कलालघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1561/21)


# शीतकाल के अंतिम प्रवास वाले गांव लौंग पहुंचे डीएम

### ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सीमांत क्षेत्र में तमक नाले के समीप स्थित शीतकालीन प्रवास वाले अंतिम गांव लौंग में जिलाधिकारी गौरव कुमार के पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया और अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार किसी जिलाधिकारी का उनके गांव आगमन हुआ है, जिससे उनमें विशेष उत्साह और संतोष देखने को मिला।

इस दौरान लौंग के ग्रामीणों ने तमक नाले पर सुरक्षा दीवार निर्माण, गांव से बस सेवा प्रारंभ किये जाने, तमक नाले के पास जमा हो रहे पानी से बन रही झील के जल निकासी की व्यवस्था तथा गांव तक राशन आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने की मांग प्रमुखता से रखी। ग्रामीणों ने बताया कि अभी उन्हें परिवहन और राशन के लिए लगभग 12 किमी. की दूरी तय करके जाना पड़ता है जिससे ग्रामीणों को अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की सभी मांगों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।



उन्होंने कहा कि दुर्गम और सीमांत गांवों के निवासियों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही नहीं बरती जाएगी। जिलाधिकारी के दौरे से ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है और उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई।

### पौड़ी में रेडी कोल्ड मिक्स मटीरियल से गड्ढे भरने का परीक्षण शुरू

पौड़ी : परिवहन विभाग ने पूर्व में प्रस्तावित रेडी कोल्ड मिक्स मटीरियल से सड़कों के गड्ढे भरने का परीक्षण शुरू कर दिया है। पौड़ी में पहली बार रोड कोल्ड मिक्स मटीरियल का परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण के बाद निर्माण दायी संस्थाओं द्वारा इस मटीरियल का इस्तेमाल किया जायेगा। परिवहन विभाग ने रेडी कोल्ड मिक्स मटीरियल से कंडोलिया–छतरीधार मोटर मार्ग पर बने गड्ढों पर पैच वर्क किया। इस दौरान आरटीओ गढ़वाल संभाग विमल पांडेय और कार्मिकों ने खुद श्रमदान कर पैच वर्क का कार्य पूरा किया। आरटीओ पांडेय ने बताया कि इस सिंथेटिक मटीरियल के माध्यम से महज आधे से पौने घंटे के बीच गड्ढों को भरकर यातायात के लिए सड़क को सुगम बनाया जा सकता है। बताया कि पौड़ी में पहली बार इसे परीक्षण के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके बाद इस मटीरियल को गड्ढों को भरने के लिए निर्माण दायी संस्थाओं को इस्तेमाल किए जाने के लिए कहा जाएगा।


## उत्तर रेलवे

### आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना

उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल के क्षेत्राधिकार में यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (वाईटीएसके) की नियुक्ति के लिये आवेदन पत्र की सूचना (फाइल सं. 1-YTSK/MB-2026) दिनांक 08.01.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सं. | 1-YTSK/MB-2026 |
| 2 | कार्य का नाम और स्थान | मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रेलवे के क्षेत्राधिकार में आरक्षित व अनारक्षित (PRS CUM UTS) टिकट जारी करने हेतु यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) की नियुक्ति जिसकी अवधि तीन वर्षों की होगी |
| 3 | आवेदन पत्र जमा करने का पता, अन्तिम तिथि व समय | वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग उ. रे. मुरादाबाद-244001 कार्यालय में दिनांक 29.01.2026 को सायं 15.00 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। |
| 4 | सम्पूर्ण आवेदन पत्र के आमंत्रण की सूचना कहां देखी जा सकती है | आवेदन पत्र के आमंत्रण की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। www.nr.indianrailways.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 94/2026


# बहुउद्देशीय शिविर में 80 शिकायतें दर्ज, 60 का हुआ निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जनपद चमोली के विकासखंड नारायणबगड़ के न्याय पंचायत जाख पटायूं के चोपता क्षेत्र में गुरुवार को जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में कुल 351 ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर विभिन्न विभागीय स्टॉलों से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की एवं सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान कुल 80 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 60 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 20 शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया संबंधित विभागों के स्तर पर प्रगति पर है।



शिविर में प्राप्त शिकायतों में प्रमुख रूप से पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की स्थिति तथा कृषि फसलों को बंदर, लंगूर एवं जंगली सूअरों से हो रहे नुकसान से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विधायक थराली भूपाल राम टम्टा, ब्लॉक प्रतिनिधि त्रिलोक सिंह बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी क्रम में विकासखंड ज्योतिर्मठ के न्याय पंचायत ढ्रोंगतपोंण के टगणीतल्ली में उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ की अध्यक्षता में जन जन की सरकार, जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 185 लाभार्थियों ने विभागीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान कुल 18 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री रामचंद्र गौड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि रु. | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM/2025/B/6983650 | सेवाओं के लिए अनुकूलित निविदा – विभिन्न श्रेणियों में 53 कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग जिनमें 19 सहायक कैंटीन कर्मचारी, 18 सामान्य सहायक सामान्य प्रशासनिक कर्मचारी और 16 गृह स्वच्छता सहायक शामिल हैं। यह नियुक्ति लोको प्रशि स्कूल के रखरखाव और देखभाल के लिए न्यूनतम मजदूरी पर की जाएगी। | 01 Nos. | 3,31,460/- | 1,65,72,994/- | 28.01.2026 11:00:00 |

नोटः- पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई–निविदा में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) मान्य होगा। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

सं.: 50-S/LP/2026 दिनांक: 08.01.2026 92/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### अंकिता को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

देहरादून। लोअर तुनवाला में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला गया। आक्रोशित लोगों ने मामले की जल्द से जल्द सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। मार्च पुरोहित बारात घर लोअर तुनवाला से शुरू होकर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से होकर कस्तूरी चौक पर संपन्न हुआ। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंपी, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ की बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए यह लड़ाई अंतिम सांस तक जारी रहेगी। कैंडल मार्च के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भी भागीदारी कर न्याय प्रणाली पर भरोसा जताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की गुहार लगाई। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित, ब्लॉक प्रमुख थराली प्रवीन पुरोहित, देवेंद्र कुमार, सुनील शर्मा, विमला शर्मा, सृष्टि भंडारी, राधिका कार्की, अनीता कार्की, दीपा, विपासा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### सुराज सेवा दल ने दर्शन भारती के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने लैंसडौन चौक पर स्वामी दर्शन भारती के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने स्वामी दर्शन भारती का पुतला भी फूंका। गुरुवार को सुराज दल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी के नेतृत्व में वर्करों ने दर्शन भारती के खिलाफ प्रदर्शन किया। रमेश जोशी ने कहा कि साधु संत सनातन परंपरा की श्रेष्ठतम पद पर विराजित व्यक्ति होता है और ऐसे व्यक्ति को छल प्रपंच स्त्री के प्रति दुरा भावना के कृतियों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि दर्शन भारती सनातन धर्म की संत परंपरा का आचरण करें ना कि भाजपा के राजनीतिक एजेंट बनने का प्रयास करें। कहा कि भगवा की आड़ में नारी का अपमान नहीं होने दिया जाएगा। यदि अंकिता को न्याय दिलवाने के बीच कोई जयचंद आएगा तो उसका पर्दाफाश किया जाएगा। कहा कि अंकिता के माता-पिता भी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार इस पर फैसला लेने से हिचकिचा रही है। उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में देवेंद्र बिष्ट, विपिन,पूजा बिष्ट,कावेरी जोशी, हिमांशु धामी,निधि, यश ,संगीता, सत्येंद्र ,घनश्याम, राहुल ,सोनम ,अमन ,अभिनव, साहिल बेदी ,बाबू ,सुमित, अरविंद यादव, नितेश लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

### एसडीएम से समस्याओं को हल करने की मांग

हल्द्वानी। अखिल भारतीय किसान महासभा की बागजाला ग्राम कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम हल्द्वानी राहुल साह से मुलाकात कर गांव की समस्याओं को हल करने की मांग की। गुरुवार को माले जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम से मुलाकात के दौरान कहा कि 24 नवंबर 2025 को एसडीएम की मध्यस्थता में वन विभाग एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी थी लेकिन ज्यादातर मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एसडीएम ने प्रतिनिधि मंडल को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। प्रतिनिधिमंडल में वेद प्रकाश, विमला देवी, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, चन्दन सिंह मटियाली, हेमा देवी, ललिता देवी आदि शामिल रहे।

### चालान लिंक का मैसेज भेज खाते से 3.68 लाख उड़ाए

देहरादून। आरटीओ चालान का फर्जी लिंक भेज एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने निशाना बनाया। लिंक पर क्लिक करते ही पीड़ित के खाते से चंद मिनटों में 3.68 लाख रुपये कट गए। शिकायत पर नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में केदारपुरम, एमडीडीए डिफेंस कॉलोनी निवासी सुबोध रावत ने बताया कि 27 दिसंबर को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। इसमें आरटीओ चालान का नाम देकर एक लिंक भेजा गया था। जैसे ही उन्होंने उस लिंक खोला तो वह फोन में स्टॉल हो गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से ट्रांजेक्शन शुरू हो गए। ठगों ने चार अलग-अलग किस्तों में रकम निकाली। खाते में जमा रकम के साथ साइबर ठगों ने दो एफडी तोड़कर उनकी रकम भी ट्रांसफर कर ली। खाते से लगातार पैसे कटने के मैसेज देख पीड़ित के होश उड़ गए। जिसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन और थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसओ नेहरू कॉलोनी संजीत कुमार ने बताया कि शिकायत पर बुधवार को साइबर ठगी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यंग लीडर्स की महत्वपूर्ण भूमिका : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल ह्लयंग लीडर्स डायलॉगह्व की सराहना की। भारत मंडपम नई दिल्ली में 09 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिभाग के लिए चयनित युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल देश के युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागी युवाओं के साथ उनके शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि लाखों विद्यार्थियों में से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग संवाद कार्यक्रम से जुड़ना अपने आप में




गर्व का विषय है। यह केवल एक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देशभर के प्रतिभाशाली साथियों से सीखने और संवाद करने का अवसर मिलेगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यंग लीडर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। आने वाले समय में यही युवा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्टता के साथ देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत उस दौर में खड़ा है, जहां केवल सपने नहीं देखे जाते, बल्कि उन्हें संकल्प के साथ साकार किया जाता है। अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल सहित हर क्षेत्र में भारतीयों ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनायी है इसी का प्रतिफल है कि आज देश का तिरंगा गौरव के साथ देश-विदेश में लहरा रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सीख दी कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएं ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या, निदेशक खेल आशीष चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भालू के बाद अब वनाग्नि की घटनाओं ने उड़ाई अधिकारियों की नींद

गोपेश्वर। प्रतिवर्ष दिसंबर माह से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो जाता है। बारिश होने से भूमि में नमी बनी रहती है। मगर अब बीते वर्ष सितंबर माह से बारिश नहीं हुई है। बर्फबारी भी आशा के अनुरूप नहीं हुई है जिससे चोटियां सूनी पड़ी हैं। सर्दियों में वनाग्नि की घटनाएं बहुत कम होती हैं। मगर इस वर्ष जनवरी माह में ही जंगल जल रहे हैं। वनाग्नि की घटनाओं ने वन विभाग के अधिकारियों की नींद भी उड़ा दी है। इस वर्ष गांव-गांव में भालू की दहशत रही जिससे वन विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मी रात-दिन लंबी दूरी की गश्त पर रहे। अब वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी हैं।

केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ सर्वेश दुबे का कहना है कि अब बारिश और बर्फबारी न होने से वनाग्नि की घटनाएं सामने आने लगी हैं। जंगलों में आग लगाने वालों को चिह्नित किया जाएगा।

# ड्यूटी से नदारद मिले 17 अधिकारी और कर्मचारी

नई टिहरी। डीएम नितिका खंडेलवाल ने बृहस्पतिवार को नरेंद्रनगर स्थित पुराने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभगों के लगभग 17 अधिकारी और कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले। अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने अनुपस्थित मिले सभी अधिकारियों और कार्मिकों के वेतन भुगतान पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही अनुपिस्थत मिले कार्मियों का स्पष्टीकरण तलब किया।

जिला प्रशासन को शिकायत मिली थी कि नरेंद्रनगर क्षेत्र के सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारी बिना बताए ड्यूटी से नदारद रहते है। अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय में नहीं पहुंचते। शिकायत का संज्ञान लेने के लिए बृहस्पतिवार को डीएम खुद नरेंद्रनगर पहुंचीं। सिंचाई विभाग कार्यालय में निरीक्षण के दौरान डीएम को प्रारूप कर राहुल सिंह, कनिष्ठ सहायक सोना देवी, दीपक रतूड़ी, अनुसेवक वीरू लाल, पीएमजीएसवाई के अपर सहायक अभियंता अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक मनमोहन, कंप्यूटर आपरेटर मनीष रयाल, सौरभ मनवाल, विकास सिंह प्रथम व द्वितीय, शिक्षा विभाग से वित्त लेखा अधिकारी कैलाश चंद्र आर्य, सहायक लेखाधिकारी मोहन हटवाल, प्रशासनिक अधिकारी ममता बिष्ट, वरिष्ठ सहायक कुलबीर चंद रमोला, कनिष्ठ सहायक अब्बल सिंह रावत, वाहन चालक कृष्णा चौहान, प्रधान सहायक पूजा कश्यप, वरिष्ठ सहायक अभिनंदन पंवार अनुपस्थित मिले।

पीएमजीएसवाई, सिंचाई विभाग के कार्यालयों में नोटिस बोर्ड खाली पाए जाने पर डीएम ने कड़ी आपत्ति जताते हुए अधिकारियों को नोटिस बोर्ड पर टेंडर नोटिस सहित अन्य आवश्यक सूचनाएं चस्पा करने को कहा।

## छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

देहरादून। कोतवाली पुलिस ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने सोशल मीडिया फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी को लेकर अलर्ट रहने की बात कही।

गुरुवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर मीडिया फ्रॉड,ऑनलाइन ठगी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने फेक कॉल,फर्जी लिंक,ओटीपी व पासवर्ड शेयर करने से होने वाले नुकसान, डिजिटल अरेस्ट,साइबर बुलिंग विषय पर व्याख्यान दिया। फेक सोशल मीडिया अकाउंट,ऑनलाइन गेमिंग व मोबाइल ऐप से होने वाले अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई कि किसी भी अनजान कॉल, मैसेज, ई-मेल अथवा लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण, ओटीपी, पासवर्ड आदि साझा न करें।

साथ ही सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानीपूर्वक करने, गोपनीयता सेटिंग्स मजबूत रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार होता है, तो वह तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते है जिससे कि समय पर शिकायत होने से धनराशि वापस होने की संभावना बढ़ जाती है।

### मतदाताओं की मैपिंग का कार्य 15 तक करें पूरा

रुद्रप्रयाग। एसआईआर की तैयारी की लेकर वर्तमान में वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्ष 2025 की मतदाता सूची में बीएलओ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी को लेकर जिला कार्यालय सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतीक जैन ने समीक्षा बैठक की। डीएम ने कहा कि कार्य की प्रगति कम है। ऐसे में 15 जनवरी तक 95 प्रतिशत लक्ष्य हर हाल में पूरा करें। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी विपिन चंद्र जोशी ने विधानसभा क्षेत्रवार प्रगति बताई। उन्होंने बताया कि केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में 81.87 प्रतिशत तथा रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में 82.42 प्रतिशत है। यह निर्धारित लक्ष्य 95 प्रतिशत से कम है। जिलाधिकारी ने इस लक्ष्य को 15 जनवरी तक पूर्ण करने तथा प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन बूथों पर 30 प्रतिशत से अधिक कवरेज शेष है वहां बीएलओ के साथ सहायक कार्मिक लगाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ भी समन्वय स्थापित करते हुए मैपिंग का कार्य करें।

# साहिया में भाजपाईयों ने किया कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

विकासनगर। अंकिता भंडारी मामले में भाजपा और उसके पदाधिकारियों को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए भाजपाइयों ने साहिया में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस का पुतला भी दहन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस से सबूत पेश करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मामले में दोषियों को उम्रकैद की सजा हो चुकी है। अब एक महिला के ऑडियो के आधार पर कांग्रेस इस प्रकरण में भाजपा और उनके पदाधिकारियों को बदनाम करने में लगी हुई है।

कहा कि अगर कांग्रेस के पास अंकिता भंडारी मामले में भाजपा प्रदेश प्रभारी के शामिल होने के सबूत हैं तो वह कोर्ट में उन्हें पेश क्यों नहीं कर पा रही है। कहा कि अपनी राजनीति को चमकाने के



लिए कांग्रेस साजिश के तहत भाजपा को बदनाम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि अगर कांग्रेस ने अपने हथकंडे बंद नहीं किए जो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सहिया प्रवीण चौहान, अमर सिंह चौहान,अर्जुन सिंह, दिनेश राय और कपिल राय आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई से की जाए : नवप्रभात

विकासनगर। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री नवप्रभात के नेतृत्व में बस अड्डे से हरबर्टपुर चौराहे तक पदयात्रा निकाली। चौराहे पर प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश जताते हुए अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने की मांग की। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने कहा अंकिता उत्तराखंड की बेटी थी। उसके कातिलों को फांसी की सजा तक पहुंचाना होगा। उसके लिए चाहे हमें किसी भी प्रकार का आंदोलन करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार अपने बचाव में विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपना रही है। सरकार सीबीआई जांच से क्यों बचना चाह रही है, इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि अंकिता भंडारी मामले में वीआईपी का नाम उजागर करने के लिए मामले की सीबीआई जांच की घोषणा करें। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले की सीबीआई जांच की मांग पर




झुकना ही पड़ेगा नहीं तो कांग्रेस व उत्तराखंड की जनता चुप नहीं बैठेगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय किशोर, संजय जैन, रूपा शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, हरबर्टपुर शहर अध्यक्ष आशीष पुंडीर, डाकपत्थर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, बनी शर्मा, महिला अध्यक्ष शशि चौहान, कुसुम कौशल, मधु, कपिल, सरिता रावत, योगिता चौहान, जिला पंचायत सदस्य पिंकी रोहिल्ला, पूर्व जिला महासचिव राजीव शर्मा, हेमलता, नीरज रोहिला, सभासद मोहन राठौर, सुमनलता, मोहित बिष्ट, फुरकान अहमद, सरिता, सावित्री, धीरेंद्र तड़ियाल और डॉ. सुभाष चंदेल आदि मौजूद रहे।

### कालाढूंगी में ट्रंचिंग ग्राउंड, एसटीपी के लिए मांगी जमीन

हल्द्वानी। चेयरमैन रेखा कत्यूरा ने गुरुवार को एसडीएम विपिन चंद्र पंत से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्हें ज्ञापन देकर शीघ्र समाधान की मांग की। रेखा कत्यूरा ने बताया कि कालाढूंगी नगर क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण के लिए ट्रंचिंग ग्राउंड की जरूरत है। उपयुक्त भूमि न होने से दिक्कतें आ रही हैं। एसडीएम से कूड़ा निस्तारण के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने की मांग की। गंदे पानी की निकासी और निस्तारण को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किए जाने के लिए भी भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। अव्यवस्थित पार्किंग के कारण हो रही परेशानियों को उठाया और स्थाई पार्किंग व्यवस्था विकसित किए जाने की मांग रखी। कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, अल्ट्रासाउंड मशीन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में शराब की दुकानों को अनियंत्रित स्थानों पर खोलने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए उचित स्थान पर ही खोलने की मांग भी की। एसडीएम ने गंभीरता से विचार का आश्वासन दिया। ईओ अभिनव कुमार, सभासद नसीम जहां, सईद अहमद मौजूद रहे।

# ढकरानी जलविद्युत गृह में चोरी का खुलासा

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पहले ढकरानी जल विद्युत गृह के केंद्रीय भंडार में चोरी का गुरुवार को खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का लगभग 25 लाख का सामान बरामद किया गया है। आरोपी महिलाएं कूड़ा बीनने का काम करती हैं। कूड़ा बीनने के दौरान उन्होंने गोदाम की रेकी की। इसके बाद अपने दो अन्य साथियों के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोतवाल विनोद गुसांई ने बताया कि बीती पांच जनवरी को सहायक भंडारपाल अब्दुल सत्तार यूजेवीएनएनएल ढकरानी ने तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि चोरों ने निगम के केंद्रीय भंडार की फेंसिंग और टिन काटकर लाखों रुपये के स्टेटर कॉयल्स चोरी कर लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। जांच के बाद बुधवार देर रात पुलिस ने कैनाल रोड हरिपुर गांव के आगे आम के बाग के पास एक वाहन को रोका। वाहन में तीन महिलाओं समेत पांच लोग सवार थे। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें स्टेटर कॉयल्स बरामद हुई। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि उन्होंने उक्त सामान को ढकरानी स्थित जल विद्युत गृह से चोरी किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सामान और वाहन को कब्जे में ले लिया।

# डॉ. अनिल वर्मा रक्तवीर सम्मान से विभूषित, छात्राओं ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर



देहरादून। एमकेपी इंटर कॉलेज के एनएसएस शिविर में यूथ रेडक्रॉस के चीफ मास्टर ट्रेनर डॉ. अनिल वर्मा को 'एमकेपी एनएसएस रक्तवीर सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम अधिकारी किरन सिंह ने उन्हें 155 बार रक्तदान करने के लिए शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह दिया। राजकीय इंटर कॉलेज पटेल नगर में चल रहे शिविर में आयोजित तीन दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में डॉ. वर्मा ने छात्राओं को घरेलू गैस सिलिंडर की आग बुझाने, सीपीआर देने और घायलों को सुरक्षित निकालने (रेस्क्यू) के तरीके सिखाए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि युवाओं को भी आगे आना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी किरन सिंह ने कहा कि उत्तराखंड आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। इसलिए छात्राओं के लिए यह प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। इस मौके पर सहयोगी राज पंवार, सिमरन शर्मा, दुर्गेश्वरी चौहान, बबली आर्य और तनु चौधरी आदि मौजूद रहे।

### यूओयू का दीक्षांत समारोह 12 को

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह 12 जनवरी को मनाया जाएगा। इसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। विवि प्रबंधन के अनुसार स्नातक स्तर पर 10 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 18 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कुलाधिपति मेडल एक स्नातक और एक स्नातकोत्तर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। चार प्रायोजित मेडल भी चुनिंदा विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे।

# बढ़ई के काम की आड़ में रेकी कर चोरी करने वाले जम्मू-कश्मीर दो चोर धरे

देहरादून। पुलिस ने बंद घरों को निशाना बनाने वाले जम्मू-कश्मीर के शातिर अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 18 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर और मूर्तियां बरामद की हैं।

पकड़े गए आरोपियों में से एक पौड़ी जिले का गैंगस्टर भी है। आरोपी बढ़ई और लकड़ी काटने के काम करने के बहाने कॉलोनियों में घूमकर रेकी करते थे। लक्खीबाग चौकी क्षेत्र के चंदननगर तिराहा निवासी गोपाल अग्रवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती चार जनवरी की रात वह अपनी दोनों बेटियों के साथ बड़े भाई के घर रात्रि भोज पर गए थे। शाम को गए और रात करीब 11 बजे जब परिवार वापस लौटे। इस दौरान पता लगा कि घर से लाखों रुपये के गहने चोरी हो गए थे। उनकी शिकायत पर छह जनवरी को पुलिस को पुलिस चोरी का केस दर्ज किया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सुराग मिलने पर पुलिस ने बुधवार रात मद्रासी कॉलोनी के पास रेलवे लाइन के किनारे घेराबंदी कर दो संदिग्धों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी किए गए जेवर और ताले तोड़ने के औजार बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम जावेद अहमद उर्फ मेराजुद्दीन (38) और फरीद (35) बताए। दोनों ही जिला डोडा, जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी लकड़ी काटने और बढ़ई का काम करते हैं। इसी काम की आड़ में वे अलग-अलग राज्यों और जिलों में घूमते हैं। दिन में वे बंद पड़े घरों की रेकी कर लेते थे और रात में अपने औजारों से ताले तोड़कर घटना को अंजाम देते हैं। एक है पौड़ी जिले का गैंगस्टर शहर कोतवाल प्रदीप पंत ने बताया कि इन्होंने उत्तराखंड के टिहरी, चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और देहरादून के अलावा पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी कई वारदातों को अंजाम दिया है।

## आर्यनदेव उनियाल के भाजयुमो के प्रदेश मंत्री बनने पर मसूरी में स्वागत

देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री बनने के बाद पहलीबार मसूरी पहुंचने पर आर्यनदेव उनियाल का स्वागत किया गया। भाजयुमो के प्रदेश मंत्री बनने पर आर्यनदेव उनियाल का मसूरी पहुंचने पर युवाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। गांधी चौक, सहित विभिन्न स्थानों पर उनका माला पहना व आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। कुलड़ी स्थित राधाकृष्ण मंदिर सभागार में उनके सम्मान व स्वागत में कार्यक्रम रखा गया जहां पर मसूरी सहित देहरादून, रूड़की, हरिद्वार आदि से आये कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलदस्ता, माला व शॉल पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश मंत्री उनियाल ने कहा कि युवाओं में जोश व भरोसा है। वह कदम मिलाकर चलेंगे व 2027 में भाजपा को पुनः प्रदेश की सत्ता में लाएंगे। संगठन को मजबूत करेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग (एसीओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर एम पी एस स्टाल के आवंटन हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 29.01.26 को आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

97/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आपदा प्रबंधन की रीढ़ हैं डीडीएमओ: रूहेला

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में राज्य के सभी 13 जनपदों के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों (डीडीएमओ) के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, सुदृढ़ एवं व्यावहारिक बनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान रूहेला ने सभी जनपदों से उपस्थित डीडीएमओ की समस्याओं, चुनौतियों एवं फील्ड स्तर पर आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि डीडीएमओ द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर विभागीय स्तर पर सकारात्मक एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आपदा प्रबंधन प्रणाली को और मजबूत किया जा सके।



रूहेला ने डीडीएमओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डीडीएमओ आपदा प्रबंधन व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में डीडीएमओ फ्रंटफुट पर आकर न केवल समन्वय स्थापित करते हैं, बल्कि प्रशासन, लाइन विभागों एवं स्थानीय स्तर पर राहत एवं बचाव कार्यों का नेतृत्व भी करते हैं। उन्होंने डीडीएमओ को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता, त्वरित निर्णय क्षमता और नेतृत्व कौशल ही आपदा के प्रभाव को कम करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जनपदों में आपदा पूर्व तैयारी, संसाधनों की उपलब्धता, मानवीय संसाधनों का प्रशिक्षण, संचार व्यवस्था तथा अंतर-विभागीय समन्वय को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जाए।

इसके साथ ही, आपदा के दौरान सूचना तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने, त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने तथा फील्ड स्तर पर मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उपस्थित विनोद कुमार सुमन, सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग ने डीडीएमओ को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की जाएगी।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com